आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 29.08.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- रुद्रप्रयाग, चमोली और बागेश्वर जिलों में अतिवृष्टि से पांच लोगों की मृत्यु, 11 लापता। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन की उच्च स्तरीय बैठक ली। पीड़ितों को हरसंभव सहायता देने के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए।
- उत्तराखण्ड सरकार और जर्मन स्थित इनोवेशन हब राइन–माइन के बीच लेटर ऑफ इन्टेन्ट पर हस्ताक्षर।
- राष्ट्रीय खेल दिवस पर देहरादून में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

**अतिवृष्टि मृत्यु**

प्रदेश में रुद्रप्रयाग, चमोली और बागेश्वर जिलों में अतिवृष्टि से पांच लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि लगभग 11 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इन जिलों में अतिवृष्टि से जन–जीवन प्रभावित हो गया है। चमोली जिले में देवाल तहसील के मोपाटा गांव और बागेश्वर जिले में कपकोट तहसील के ग्राम पौसारी में मलबे से दो–दो शव बरामद किए गए, जबकि रुद्रप्रयाग जिले के जखोली में एक महिला की मृत्यु हुई है। जिले के छेनागाड़ में आठ लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है। बसुकेदार क्षेत्र के बड़ेथ डुंगर तोक में अतिवृष्टि के कारण मलबा आने से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। वहीं, कपकोट में तीन लोग लापता हैं। भारी मलबे से खेत बह गए हैं, पशुहानि हुई है और गांव की पुलिया तथा सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उधर, टिहरी जिले के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में भी अतिवृष्टि के कारण भारी नुकसान हुआ है। बाल गंगा तहसील के गेंवाली गांव में कई पशुओं के बहने की खबर है, जबकि खतरे के ज़द में आए पांच परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। संबंधित जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री / आपदा**

रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और बागेश्वर जिलों के कुछ क्षेत्रों में बादल फटने की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में आपदा प्रबंधन की उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों से अतिवृष्टि की विस्तृत जानकारी लेते हुए राहत व बचाव कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे मानसून सीजन तक शासन और प्रशासन अलर्ट मोड पर रहे। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रभावित परिवारों को निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजा शीघ्र उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार, आपदा प्रभावितों के साथ हर समय खड़ी है और स्थिति सामान्य करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**शपथ**

चम्पावत जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित क्षेत्र प्रमुखों, कनिष्ठ व ज्येष्ठ प्रमुखों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आज शपथ दिलाई गई। चम्पावत विकासखण्ड के ब्लॉक सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस खाती की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा सहित लगभग 100 सदस्यों को पद व गोपनीयता से शपथ दिलाई गई। बारिश के कारण दूरस्थ क्षेत्रो में सड़क बाधित के कारण कुछ प्रतिनिधियों ने शपथ में हिस्सा नहीं लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में आई आपदा के कारण शासन द्वारा शपथ तिथि में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि चारों विकासखण्डों में शपथ हो गई है। अब इन क्षेत्र पंचायतों की पहली बैठक चार सितंबर को होगी और तभी से इनका गठन माना जाएगा।

**एमओयू**

मुख्यमंत्री आवास में आज उत्तराखण्ड सरकार और जर्मन स्थित इनोवेशन हब राइन–माइन, के बीच लेटर ऑफ इन्टेन्ट पर हस्ताक्षर किये गये। इसका उद्देश्य उत्तराखण्ड के कुशल युवाओं को जर्मनी में स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, व्यावसायिक प्रशिक्षण, हाइड्रोजन व नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी और नवाचार आधारित स्टार्टप जैसे क्षेत्रों से जोड़ना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। विभिन्न देशों की मांग के आधार पर भी राज्य के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं के कौशल विकास के साथ ही विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण की व्यवस्था भी राज्य सरकार द्वारा कराई गई है। कौशल विकास और विदेशी भाषा का प्रशिक्षण दिये जाने के बाद राज्य के कई युवा विदेशों में नौकरी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर आज देहरादून के परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 250 से अधिक खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को लगभग 16 करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को मई से जुलाई तक तीन महीनों की धनराशि डीबीटी की गई। खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों– मानसी नेगी को खेल विभाग और मोहम्मद अरशद को पुलिस विभाग में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने परेड ग्राउंड में एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक बनाने और पवेलियन फुटबाल ग्राउंड में सिंथेटिक फुटबाल टर्फ लगाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन ने उत्तराखंड को देवभूमि के साथ ही खेलभूमि के रूप में भी स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

## नन्दा–सुनंदा महोत्सव

चंद राजाओं की राजधानी चम्पावत जिले में नन्दा–सुनन्दा महोत्सव पारम्परिक रूप से मनाया जा रहा है। सात दिन चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न दैवीय अनुष्ठानों के साथ ही शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा। महोत्सव के अध्यक्ष, विजय वर्मा ने बताया कि देव स्नान, देव पूजन, कदली वृक्ष आमंत्रण, मूर्ति निर्माण, मूर्ति स्थापना और विभिन्न कार्यकमों के साथ इस महोत्सव का तीन सितम्बर को समापन होगा।

स्थानीय निवासी रवि पटवा ने बताया कि नन्दा सुनंदा, चंद राजाओं की कुल देवी के रूप में पूज्य है।